RNI NO.: MAHHIN/2006/16907

Postal Regd. : MCN/265-2020-2022

ऑल इंडिया ब्रिगेड • हिंदी समाचार पत्र

RNI No.MAHHIN/2006/16907

संपादक : रफीक एम. शेख        र्काकारी संपादक : अहमद शेख

मुंबई, 4 दिसंबर 2020 से 10 दिसंबर 2020 | वर्ष 15 | अंक 05 | Web: aibnews.co.in | पृष्ठ : 8 | कीमत : दो रुपये

## शादी का झांसा देकर प्रेमी सहित भाई दोनो ही करते थे

# २३ वर्षीय महिला के साथ बलात्कार

## ओशिवारा पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

इंद्रदेव पांडे

मुंबई - मुंबई के ओशिवारा पुलिस ने एक २३ वर्षीय महिला के बयान दर्ज करने के बाद महिला के प्रेमी सहित प्रेमी के भाई पर बलात्कार, मारपीट, गालीगलौज, ठगी, और धमकाने का मामला दर्ज किया है.

वही महिला ने पुलिस को अपने बयान में बताया कि उसकी दोस्ती साल 2018 में मार्च के महीने में सोशल मीडिया के माध्यम से अजय दशरथ हरिजन नामक व्यक्ति से फेसबुक और इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी जिसके बाद अजय ने पीड़ित महिला का मोबाइल नंबर एक संदेश के जरिए मंगा और पीड़ित महिला ने अपना नंबर अजय नामक व्यक्ति के दे दिया था.

जिसके बाद अजय और पीड़ित महिला एक दूसरे से संपर्क में आ गए और दिनांक १०/६/२०१८ में अजय ने पीड़ित महिला को संपर्क कर गोरेगांव पश्चिम राम मंदिर स्टेशन पर मिलने के लिए बुलाया और फिर दोनों मिलने के बाद जुहू बीच घूमने के लिए गए थे.

जुहू बीच पर अजय ने पीड़ित महिला से अपने प्यार का इजहार किया और अपने जाल में फसा लिया जिसके बाद दोनों एक दूसरे से प्यार करने लगे वही अजय ने पीड़ित महिला को प्यार झांसे में लेकर उसे शादी का भी झांसा देने लगा जिसके बाद साल 2019 में अजय ने पीड़ित महिला को अपने परिवार वालो से मिलवाया. मिलवाने के बाद अजय ने अपना बिजनेस शुरू करने के लिए पीडित महिला से 50 हजार रुपए की मांग की पीड़िता के पास पैसे ना होने के कारण पीड़िता ने पर्सनल लोन निकलवाकर अपने प्रेमी यानी कि आरोपी अजय दशरथ हरिजन को दे दिया था. फिर साल 2020 अप्रैल के महीने में पीड़िता ने अजय से बिजनेस के बारे मे पूछताछ की तो अजय ने बताया कि उसे बिजनेस में लॉस हो गया है जिसके बाद दोनों में कहा सुनी हुई और हाथापाई तक की नौबत आ गई . मगर अजय पर पीड़िता को पूरा भरोसा था कि वह उसे सच्चा प्यार करता है और उससे शादी करने वाला है. जिसके बाद साल 2020 जून के महीने में पीड़ित महिला अपने घर से भाग कर अपने प्रेमी अजय दशरथ हरिजन के घर गोरेगांव पश्चिम भगत सिंह नगर पहुंच गई थी. जिसके बाद पीड़ित महिला महिला अजय के साथ उसके घर रहने लगी पर पीडित महिला को यह पता नहीं था कि अजय का भाई विजय दशरथ हरिजन की उस पर बुरी नजर थी.वही साल २०२० में विजय





की नौकरी चले जाने के कारण वह अपने भाई अजय के घर आना जाना शुर कर दिया और काफी समय तक रुका रहता था जिसके चलते पीड़ित महिला और उसके प्रेमी अजय के भाई से बातचीत शुरू करने लगा पर पीडित महिला को यह नहीं पता था कि विजय पर उसकी बुरी नजर है.

फिर साल 2020 अगस्त के महीने में अजय और उनके परिवार के सदस्य कुछ काम के लिए बाहर गए हुए थे और पीडित महिला घर पर अकेले ही थी.


अकेले पन का फायदा उठाकर अजय के भाई ने पीड़ित महिला के साथ जबरन बलात्कार किया और फिर धमकार चला गया जिसके बाद पीडित महिला ने आपबीती विजय की पत्नी को बताया मगर विजय की पत्नी पीड़िता की बात पर भरोसा नहीं हुआ

जिसके बाद साल 2020 सितंबर महीने में पीडित महिला के साथ साथ मारपीट और गालीगलौज किया जिसकी शिकायत पीडित महिला ने पुलिस में मामला दर्ज कराया था जिस पर पुलिस ने विजय के खिलाफ धारा 323,504,506, के तहत मामला दर्ज कर लिया था.

अपने आप को ठगा महसूस कर पीडित महिला ने ओशिवारा पुलिस स्टेशन में लिखित रूप से शिकायत दर्ज कराई थी. जिसके दिनांक 2/12/2020 के दिन ओशिवारा पुलिस ने पीड़ित महिला का बयान दर्ज कर आरोपी अजय दशरथ हरिजन और विजय दशरथ हरिजन के खिलाफ भारतीय दंड कानून सहित आईपीसी की धारा 376, (बलात्कार) 376 (२) (जबरन बलात्कार ) 417 (ठगी) 323 (मारपीट और गालीगलौज) 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत जीरो जीरो एफआईआर दर्ज कर गोरेगांव पश्चिम बंगुर नगर पुलिस स्टेशन को सौप दिया आगे की मामले की जाँच बंगुर नगर पुलिस स्टेशन के अधिकारी कर रहे हैं

# `गैंग्स ऑफ वासेपुर' फेम जीशान कादरी के खिलाफ FIR दर्ज

## प्रोड्यूसर ने लगाया 1.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप



## वेब सीरीज के नाम पर ठगी

**इंद्रदेव पांडे**

**मुंबई** – मुंबई पुलिस ने फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर में डेफिनेट का किरदार निभाने वाले जीशान कादरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जीशान पर एक प्रोड्यूसर ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।

प्रोड्यूसर ने आरोप लगाया है कि उन्होंने और उनके दोस्त ने एक वेब सीरीज के लिए 1.5 करोड़ रुपये दिए थे, जिसे राइटर और एक्टर जीशान कादरी बनाने वाले थे, लेकिन यह वेब सीरीज नहीं बनी और न ही प्रोड्यूसर को पैसा वापस किया गया। इसके बाद प्रोड्यूसर ने मुंबई पुलिस में जीशान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

बताते चलें कि जीशान कादरी ने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में एक्टिंग के अलावा इस फिल्म की कहानी भी खुद लिखी थी। इसके अलावा वह 'मेरठिया गैंगस्टर', 'हलाहल' और 'छलांग' जैसी फिल्में लिख चुके हैं।

जीशान कादरी ने 'रिवॉल्वर रानी', 'होटल मिलन' जैसी फिल्मों में काम भी किया है। हाल ही में जीशान, दिव्येंदु शर्मा की वेब सीरीज 'बिच्छू का खेल' में नजर आए थे। इस सीरीज में उन्होंने पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाई थी।

## संपादकीय

# वैक्सीन आने के बावजूद

कोरोना वायरस की वैक्सीन बनने के बारे में पिछले दो हफ्तों के बीच कई उत्साहवर्धक खबरें आई हैं। इससे ये उम्मीद बंधी है कि आखिरकार इस संक्रमण पर काबू पा लिया जाएगा। लेकिन ऐसा जब तक हो पाएगा, उसमें अभी देर है। भारत में तो फरवरी के पहले वैक्सीन नहीं आ सकेगी, ये बात आधिकारिक रूप से कह दी गई है। वैक्सीन आना और फिर उसका सब तक पहुंचना एक समय लगने वाली प्रक्रिया है। इस बीच कोरोना महामारी का कहर बना रहेगा। इसलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के अधिकारियों की इस चेतावनी को गंभीरता से लेना चाहिए कि 2021 की शुरूआत में खासकर यूरोप को महामारी की घातक तीसरी लहर का सामना करना पड़ सकता है। भारत में तो अभी ही दूसरी लहर के संकेत मिलने लगे हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की इस चेतावनी भी गौर करना चाहिए कि महामारी की दूसरी लहर सूनामी की तरह हो सकती है। डब्लूएचओ के अधिकारियों का कहना है कि गर्मियों में जब पहली लहर काबू में आ गई, तब ज्यादातर आवश्यक बुनियादी ढांचे का निर्माण करने से चूक गए। अब हमारे सामने दूसरी लहर है।

अगर अब भी जरूरी बुनियादी ढांचा खड़ा नहीं किया जाता है, तो अगले साल की शुरूआत में हमारे सामने तीसरी लहर होगी। यह बात सही है कि यूरोप में गर्मियों में हालात बेहतर थे। लेकिन सर्दियां आते ही संक्रमण तेजी से बढ़ने लगा। 8.4 करोड़ की आबादी वाले जर्मनी में 22 नवंबर को 14 हजार नए मामले दर्ज किए गए। डब्लूएचओ के मुताबिक एक बड़ी समस्या यह रही कि बहुत से नेताओं को तो यह समझ में ही नहीं आया कि वायरस ह्यएक्स्पोनेंशियलह्व फैलता है, ह्यअरिथमैटिकलीह्व नहीं। एक्स्पोनेंशियल का मतलब होता है कि संख्या एक सप्ताह में आठ गुना बढ़ सकती है, दो हफ्तों में यह 40 गुना हो सकती है और तीन हफ्तों में 300 गुना, फिर चार हफ्तों में शायद 1000 गुना से भी ज्यादा और इसी तरह यह बढ़ती रह सकती है। अच्छी बात यह है कि फिलहाल एशिया में ये संख्या अपेक्षाकृत रूप से कम है। उपाय यही है कि लोग पूरी तरह से वायरस के फैलाव को रोकने में लगें। दूरी बना कर रखें, मास्क पहनें, बीमार व्यक्ति को अलग-थलग रखें, हाथ और सतह साफ करते रहते हैं, और जिन लोगों को सबसे ज्यादा खतरा है उन पर विशेष ध्यान दें। ये सावधानियां अभी हमें लंबे समय तक बरतनी होंगी, तभी हम अपनी जान बचा पाएंगे।

# आतंकवाद और आपदा में अवसर

कोरोना महामारी दुनिया के आम लोगों के लिए एक बड़ी आपदा बन कर आई है। लाखों लोग असमय मौत का शिकार हो गए। करोड़ों लोगों की जिंदगी आर्थिक रूप से तबाह हो गई। लेकिन इस महामारी में कई ताकतों ने अपने लिए अवसर देखा है। उनमें एक दुनिया भर के तानाशाह हैं, इसकी काफी चर्चा हो चुकी है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट से पता चला है कि आतंकवादियों ने भी कोरोना महामारी की आपदा को अपने लिए अवसर बना लिया है। यूएन की एक एजेंसी ने ह्यस्टॉप द वायरस डिसइंफॉर्मेशनह्व नाम से ये रिपोर्ट हाल में जारी की। उसमें बताया गया कि आतंकवादी और अपराधी तत्व कोविड-19 महामारी का फायदा अपना जाल फैलाने के लिए कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र अंतर-क्षेत्रीय अपराध और न्याय शोध संस्थान (यूएनआईसीआरआई) की यह रिपोर्ट बताती है कि आतंकवादी और चरमपंथी समूह सोशल मीडिया पर ऐसी साजिशी कहानियां भी फैला रहे हैं, जिनमें सरकारों में आम लोगों के भरोसे को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है।अल-कायदा और आईएसआईएस से जुड़े समूह कोविड-19 महामारी का फायदा उठा रहे हैं। वे मनगढ़ंत कहानियां फैला रहे हैं। वे बता रहे हैं कि नास्तिक लोगों को वायरस सजा दे रहा है। यह पश्चिम देशों पर टूटा खुदा का एक कहर है। यूएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादियों को कोरोना वायरस को जैविक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के लिए उकसाया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह देखना चिंताजनक है कि कुछ आतंकवादी और हिंसक चरमपंथी गुटों ने सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल करने का प्रयास किया है। इस रिपोर्ट को तैयार करने वाले शोधकताओं ने पाया कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल आतंकवाद भड़काने और आतंकवादियों को हमले करने के लिए प्रोत्साहित करने में किया जा सकता है। ऐसा ही कुछ दक्षिणपंथी गुट भी कर रहे हैं, जो अपने देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ अभियान चलाते रहे हैं। रिपोर्ट में ऐसे मामलों का जिक्र किया गया है, जिनमें दक्षिणपंथी चरमपंथी गुटों ने खुले तौर पर अपने समर्थकों से स्थानीय अल्पसंख्यकों को वायरस से संक्रमित करने के लिए कहा। इस सिलसिले में टिमोथी विलसन के मामले का जिक्र किया गया है, जिसने अमेरिका के कंसास शहर में कोरोना वायरस का इलाज कर रहे एक अस्पताल में बम फोड़ने की साजिश रची थी। विलसन सोशल यहूदी विरोधी था। जाहिर है, दुनिया को कोरोना वायरस के साथ ऐसे खतरनाक तत्वों का मुकाबला भी करना होगा।



# मुद्दा है कि सूरत बदले

मेन होल्स में मौतों को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने जो एलान किया है, वह स्वागतयोग्य है। फिलहाल, उससे उम्मीद भी जोड़ जा सकती है। लेकिन समस्या यह है कि ऐसे इरादे पहले भी जताए गए हैं, लेकिन उनसे जमीनी सूरत नहीं बदली। क्या इस बार परिणाम कुछ अलग होगा? ऐसा हुआ तो यह इस सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। केंद्र सरकार ने पिछले को दो नई घोषणाएं की। पहली यह कि सामाजिक कल्याण मंत्रालय सीवरों और सेप्टिक टैंकों की सफाई के लिए मशीनों का उपयोग अनिवार्य करने का कानून लेकर आएगा।



दूसरी यह कि शहरी कार्य मंत्रालय ने सीवर की मानव हाथों से सफाई रोकने के लिए राज्यों के बीच एक प्रतियोगिता शुरू की है। 243 शहरों के बीच होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए 52 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। राज्य सरकारों ने संकल्प जताया है कि अप्रैल 2021 तक इस तरह की सफाई की प्रक्रिया को पूरी तरह से मशीन आधारित बना दिया जाएगा।

केंद्र सरकार सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले शहरों को इनाम देगी। गौरतलब है कि आजादी के 73 साल बाद भी भारत में मैन्युअल स्केवेंजिंग एक बड़ी समस्या है। 2013 में एक कानून के जरिए इस पर प्रतिबंध भी लगा दिया गया था, लेकिन यह अभी तक सिर्फ कागज पर ही है। सीवरों और सेप्टिक टैंकों की मानव हाथों से सफाई अमानवीय है और जानलेवा भी है। नालों में फैली गंदगी से उनमें घातक गैसें बन जाती हैं।गैसें अधिक मात्रा में नाक में गईं तो जान ले लेती हैं। 2016 से 2019 के बीच देश के अलग अलग हिस्सों में कम से कम 282 सफाईकर्मी सीवर और सेप्टिक टैंक साफ करने के दौरान मारे गए। खुद केंद्र सरकार की तरफ से संसद में दी गई जानकारी के मुताबिक इनमें से सबसे ज्यादा 40 सफाईकर्मियों की मृत्यु तमिलनाडु में हुई। 31 की हरियाणा में और 30 की दिल्ली और गुजरात में मौत हुई। सफाईकर्मियों के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठनों का कहना है कि असली आंकड़े इस से कहीं ज्यादा हैं। असली तस्वीर कहीं ज्यादा भयावह है। तो अब केंद्र ने नए कदम उठाए हैं। सीवरों और सेप्टिक टैंकों की मशीन आधारित सफाई को अनिवार्य करने के साथ ही शब्दावली में से मैनहोल शब्द को हटा कर ह्यमशीन-होल शब्द का उपयोग किया जाएगा। नए कानून के उल्लंघन के मामलों की शिकायत करने के लिए एक राष्ट्रीय हेल्पलाइन भी शुरू की जाएगी।



# यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ मुंबई में



**मुंबई :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार 2 दिसम्बर को मुंबई आकर यहां के उद्योगपतियों को अपने प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे. इसके अलावा योगी बॉलीवुड की हस्तियों से मुलाकात कर उन्हें अपना सेट अप और अन्य फिल्मी कारोबार को उत्तर प्रदेश में विस्तार देने की अपील भी करने वाले हैं. यूपी के सीएम का यह दौरा बीएसई में लखनऊ नगर निगम (एलएमसी) के बांडों की लिस्टिंग के लिए हो रहा है. इसके बाद वे उद्योगपतियों और बॉलीवुड की हस्तियों से भी मिलेंगे. कोरोना संकट के बाद योगी आदित्यनाथ पहली बार मुंबई आ रहे हैं. गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने मुंबई की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में फिल्म सिटी बनाने की महत्वाकांक्षी योजना पर काम करना शुरू कर दिया है और योगी आदित्यनाथ की यह यात्रा उसी दिशा में आगे बढ़ने वाला कदम है भय दिखा कर यूपी में निवेश की चालाक चाल लखनऊ के बांड इरए में लिस्ट होंगेउत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव (सूचना) नवनीत सहगल ने बताया कि लखनऊ नगर निगम ने दिवाली के पहले बीएसई बांड मंच से सफलतापूर्वक 200 करोड़ रुपए जुटाए थे और इन बांडों की लिस्टिंग बुधवार को होनी है. इन 10 वर्षीय बांडों पर निवेशकों को 8.5 प्रतिशत ब्याज मिलेगा. एलएमसी को उसके बांड निर्गम के लिए 450 करोड़ रुपए के निवेश के लिए 21 बोलियां प्राप्त हुई थी, जो कि निर्गम के आकार का 4.5 गुना था. इससे जाहिर है कि लखनऊ नगर निगम पर निवेशकों का कितना विश्वास है. लखनऊ के बाद जल्द ही कानपुर, वाराणसी, आगरा और गाजियाबाद नगर निगम भी बांड निर्गम जारी कर विकास कार्यों के लिए पूंजी जुटाएंगी. सहगल के अनुसार, इसके अलावा योगी आदित्यनाथ उद्योगपतियों से मुलाकात करेंगे और यूपी में निवेश का आकर्षक प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे. इसके बाद वे फिर बॉलीवुड की कुछ हस्तियों से मुलाकात कर उन्हें उत्तर प्रदेश में आने का प्रस्ताव देंगे.

# भिवंडी/ नशे में था डंपर ड्राइवर, चार वाहनों को रौंदा




**भिवंडी :** भिवंडी तालुका के वज्रेश्वरी-अंबाडी रोड पर सोमवार की सुबह तेजगति से जा रहे एक डंपर ने सावरोली गांव के पास एक के बाद एक सहित चार वाहनों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दुर्घटना में एक टेंपो चकनाचूर हो गया और उसके चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया गया है कि डंपर चालक शराब के नशे में था, जिससे उसका वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा और भयंकर दुर्घटना हो गई। स्थानीय नागरिकों ने डंपर चालक को पकड़कर अंबाडी नाका पुलिस के हवाले कर दिया है ।पुलिस के अनुसार दिघाशी निवासी वाले टेंपो चालक यशवंत पाटील (45) टेंपो में सब्जी-भाजी ले जाने के लिए सोमवार की सुबह अंबाडी से वज्रेश्वरी की तरफ जा रहे थे। उसी समय वज्रेश्वरी की ओर से काफी तेजगति से आ रहे डंपर ने टेंपो को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए और चालक यशवंत पाटील की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद डंपर चालक वाहन सहित वहां से भागने लगा और आगे जाकर एक स्विफ्ट कार एवं एक अन्य टेंपो को टक्कर मारते हुए झिड़के फाटा के पास एक बाइक सवार को भी रौंद डाला। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने नशे में चूर डंपर चालक माधव ठगे (50) को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के बाद अंबाडी नाका पुलिस चौकी में लोगों की भीड़ जुट गई और वह डंपर चालक पर कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सहकार अधिकारी ने मांगा 2 लाख की रिश्वत और तोहफे में 2 साड़ी, बेटे के साथ गिरफ्तार



**मुंबई :** सरकारी महकमों में घुसखोरी बढ़ती जा रही है. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की कार्रवाई के बावजूद घुसखोरी पर अंकुश नहीं लग रहा है. एक सरकारी अधिकारी ने 2 लाख रुपए रिश्वत और तोहफे में 2 साड़ी मांगने का मामला सामने आया है. सोमवार को एसीबी ने उसे 2 लाख रुपए और साड़ी रिश्वत के रूप में लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया.मालाड (प.) के रोलेक्स अपार्टमेंट के चेयरमैन ने इमारत के रिपेयरिंग के लिए कांदिवली (पूर्व) के ठाकुर कॉम्प्लेक्स स्थित उपनिबंधक सरकारी संस्था पी. विभाग में सहकार अधिकारी भरत महादु काकड (59) के पास अप्लीकेशन किया. भरत ने इमारत के मरम्मत की अनुमति देने के लिए 2 लाख रुपए और 2 साड़ी रिश्वत की मांग की. पैसे का लेन देन और जोड़-तोड़ सरकारी अधिकारी भरत का बेटे सचिन काकड (32) कर रहा था.एसीबी में की शिकायतरोलेक्स के चेयरमैन ने एसीबी में इसकी शिकायत कर दी. एसीबी ने ट्रैप लगाकर भरत और उसके बेटे सचिन को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया.

# उर्मिला मातोंडकर के जाने से कांग्रेस को नुकसान नहीं



**मुंबई :** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्मिला उर्मिला मातोंडकर के जाने से कांग्रेस को कोई नुकसान नहीं होगा. यह बात मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष एकनाथ गायकवाड़ ने कही है. उन्होंने कहा कि पार्टी ने उर्मिला को लोकसभा चुनाव का टिकट देकर सम्मान दिया था, लेकिन चुनाव हारने के बाद उन्होंने पार्टी को बढ़ाने में कोई योगदान नहीं दिया. गायकवाड़ मुंबई कांग्रेस ऑफिस में आयोजित संविधान जागरूकता कार्यक्रम के मौके बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद उर्मिला को पार्टी से जोड़े रखने के लिए प्रयास किए गए थे, लेकिन उन्होंने इसमें कोई रूचि नहीं दिखाई. ऐसा लगता है कि उर्मिला सिर्फ चुनाव लड़ने के लिए पार्टी में शामिल हुई थीं. सूत्रों के मुताबिक उर्मिला शिवसेना में शामिल होने वाली है. शिवसेना ने उनका नाम विधान परिषद की सीट के लिए भी भेजा है. संविधान के विरुद्ध काम कर रही है बीजेपीमुंबई कांग्रेस अध्यक्ष गायकवाड़ ने आरोप लगाया कि केंद्र की बीजेपी सरकार संविधान के विरुद्ध काम कर रही है. उन्होंने कहा कि आज देश में संविधान की रक्षा के लिए सबको मिल कर संघर्ष करने की जरुरत है. गायकवाड़ ने कहा कि हमारा देश बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान के बिना नहीं चल सकता है.

संविधान के अनुसार सभी को स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा के लिए मिल कर काम करने का संकल्प लेना चाहिए. इस मौके पर मुंबई कांग्रेस उपाध्यक्ष वीरेंद्र बक्षी, सुरेशचंद्र राजहंस, संदीप शुक्ला, मुंबई कचरू यादव, अजंता यादव, निजामुद्दीन राईन, राजेश भाई ठक्कर,&ल्लु२स्र; क्लाइव डायस और प्राणिल नायर समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे.

# तोडू कार्रवाई से नाराज महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास



**मुंबई :** अंबरनाथ नपा के अवैध तोडू दस्ते द्वारा स्थानीय गांवदेवी रोड परिसर में वर्षों से पतरे के घर में रहने वाली एक महिला के घर को रविवार को अवकाश होने के बावजूद पुलिस के भारी बंदोबस्त के बीच तोड़ दिए जाने की घटना से आहत उस महिला में कीटनाशक दवा का सेवन कर रविवार की रात आत्महत्या करने का प्रयास किया. इस महिला ने आत्महत्या की कोशिश करने से पहले एक सुसाइड नोट भी लिखा है.उस चिठ्ठी में नपा के अधिकारियों व अन्य के नाम भी लिखे हैं व इसके माध्यम से उस महिला ने यह कहा है कि मेरी मौत के जिम्मेदार यह लोग हैं. अंग्रेजी में लिखे अपने सुसाइड नोट में महिला ने लिखा है कि संबंधितों ने एक बिल्डर को लाभ पहुंचाने के उद्देश से विमको नाका से गांवदेवी रोड़ की 72 दुकानों को 3 साल साल पहले तोड़ डाला है. मैंने अपना घर बचाने के लिए नपा से लेकर राज्य के मुख्यमंत्री तक को पत्र लिखा है, वहां से कोई उत्तर तो नहीं आया, लेकिन नपा ने उनके घर पर रविवार को बुल्डोजर जरूर चला दिया, जिससे वह बेघर ही गयी हैं. अपने सुसाइड नोट में महिला ने यह भी लिखा है कि मैं आत्महत्या कर रही हूं, इससे यदि मेरी मौत होती है तो जहां मेरा घर था, जिसको 29 नवंबर को नपा ने तोड़ा है उसी स्थान पर उसका दाह संस्कार किया जाए. महिला के सुसाइड नोट के अनुसार गांवदेवी रोड़ 12 मीटर प्रस्तावित था, लेकिन बिल्डर की दुकानें सड़क पा जाएं, इसलिए नपा प्रशासन के अधिकारियों ने उस सड़क को 22 मीटर चौड़ा कर दिया व इस योजना में 72 दुकानदार बेरोजगार व कुछ घर वाले बेघर हो गए हैं.

## दु:खद निधन पर अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि



**स्व. सुरेश शेट्टी**

।। शोकाकुल ।।

शेट्टी परिवार व

ए.आई.बी.न्यूज/यलगार/

ऑल इंडिया ब्रिगेड समाचारपत्र परिवार

ऑल इंडिया ब्रिगेड • हिंदी समाचार पत्र
Postal Regd. : MCN/265-2020-2022
मुंबई- ठाणे समाचार
4
मुंबई, 4 दिसंबर 2020 से 10 दिसंबर 2020

## संक्षिप्त समाचार

### मॉडर्ना ने अमेरिका और ब्रिटेन से बड़े पैमाने पर इस्तेमाल के लिए मंजूरी माँगी

दवा कंपनी मॉडर्ना ने कोरोना वायरस के वैक्सीन के व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल के लिए अमेरिका और यूरोप के नियामकों की मंजूरी माँगी है. नियामक एमआरएनए वैक्सीन के ट्रायल से जुड़े डेटा को देखेंगे और यह फैसला लेंगे कि यह सुरक्षित है कि नहीं.

वो यह भी देखेंगे कि इसे सभी पर इस्तेमाल के लिए मंजूरी दी जा सकती है कि नहीं. क्लीनिकल अध्ययन यह दिखाता है कि मॉडर्ना की वैक्सीन कोरोना से बचाव में 94 फीसद तक कामयाब है.

### तिब्बत में ब्रह्मपुत्र पर सबसे बड़ा बांध बनाएगा चीन, भारत ने कहा- ट्रांस बॉर्डर नदी समझौते का पालन करें

**चीन :** चीन तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर अब तक का सबसे बड़ा बांध बनाने जा रहा है। अगले साल से इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो जाएगा। चीन के सरकारी मीडिया ने रविवार को बताया कि बांध बनने से दक्षिण एशियाई देशों से सहयोग के रास्ते खुलेंगे। इस प्रोजेक्ट को लेकर भारत ने चीन से ट्रांस बॉर्डर नदी समझौते का पालन करने को कहा है।

चीन ने 14वीं पंचवर्षीय योजना में ब्रह्मपुत्र पर हाइड्रोपॉवर प्रोजेक्ट बनाने की बात कही है। इस बड़े बांध की तैयारी ने भारत और बांग्लादेश की चिंता बढ़ा दी है। दोनों ही देश ब्रह्मपुत्र के पानी का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि चीन ने इन चिंताओं को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि वह दोनों देशों के हितों का ध्यान रखेगा।

### चीन : हांगकांग मामले को लेकर चीन ने अमेरिकी समूहों के नेताओं पर प्रतिबंध लगाया

**चीन :** चीन ने सोमवार को कहा कि वह हांगकांग के मामले में खुलेआम टांग अड़ाने को लेकर अमेरिकी सरकार से मान्यता प्राप्त समूहों के नेताओं पर प्रतिबंध लगा रहा है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने कहा कि इसके तहत नेशनल एंडोवमेंट डेमोक्रेसी के एशिया के लिए वरिष्ठ निदेशक जॉन नॉस, नेशनल डेमोक्रेटिक इंस्टीट्यूट में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक मनप्रीत सिंह आनंद और संस्थाओं में हांगकांग मामले से संबंधित दो अधिकारी प्रभावित होंगे। हुआ ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दी। वहीं प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संस्था ने कहा कि उसके पास और कोई सूचना नहीं है लेकिन वह अपने सिद्धांतों के प्रति जिम्मेदार है और दुनियाभर में लोकतंत्र का समर्थन जारी रहेगा।

# महिला को बदनामी का डर बताकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को पंतनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार।

मनोज दुबे




**नवी मुंबई :** नवी मुंबई वाशी में रहने वाली एक 25 वर्षीय महिला के शारीरिक शोषण का मामला सामने आया है।वाशी में रहने वाली महिला को आरोपी राम जियावन भवानीप्रसाद वर्मा नाम के युवक ने जबरन मारपीट करके महिला और उसके पति को जान से मारने की धमकी देकर पीड़ित महिला को डरा धमकाकर महिला के साथ नग्न अवस्था में फोटो और वीडियो निकालकर महिला का जबरन शारीरिक शोषण करता रहा।



महिला के इनकार करने पर उसकी फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देता रहा और जानेवारी 2019 से 12 नवंबर 2020 तक महिला से कामराज नगर घाटकोपर(पूर्व)और वाशी इलाके में शारीरिक संबंध बनाता रहा।

महिला के साथ मारपीट करके बार बार फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक शोषण तो आरोपी करता रहा साथ ही महिला के 1,20,000 के सोने के दार्गीने छीन लिए।


महिला ने लगातार खुद पे हो रहे शारीरिक शोषण,मारपीट और आरोपी द्वारा जबरन लुटे हुवे दार्गीने की जानकारी पंतनगर पुलिस थाने को दी।

पंतनगर पुलिस थाने ने महिला की शिकायत के बाद गु. र.क्र 674/2020 कलम 376(N),386,323,506(2),506 भादवि के तहत मामला दर्ज कर लिया है।आरोपी राम जियावन भवानीप्रसाद वर्मा(21) वर्षीय को जिल्हा ठाणे के दिवा इलाके से 26 नवंबर को गिरफ्तार कर लिया है। न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## चीन बढ़ते ट्रेड वॉर के बीच अपनी अर्थव्यवस्था कैसे बचाने जा रहा है

**चीन :** हाल के महीनों में दो शब्द चीन के आधिकारिक दस्तावेजों और नेताओं के बयानों में प्रमुखता से सुनाई पड़ रहा है. ये दो शब्द हैं ह्यडबल सकुर्लेशन. यह एक तरह की आर्थिक रणनीति है जो एक ह्यसंभावित बड़े बदलाव की ओर इशारा करता है. मई के महीने में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इसका प्रस्ताव रखा था और फिर अक्टूबर के महीने में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय कमिटी की सलाना बैठक में इस पर बात होने की उम्मीद थी. इस बैठक में अगले पांच सालों के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्य को लेकर विचार-विमर्श हुआ. लेकिन इस बंद दरवाजे के पीछे होने वाली बैठक में डबल सकुर्लेशन को लेकर क्या बात हुई इसके बारे में बहुत कम पता चल पाया है. बैठक के बाद जो बयान जारी किया गया, उसमें सिर्फ इस बात का जिक्र भर है कि यह योजना आपूर्ति संबंधी सुधारों के जरिए घरेलू मांग को बढ़ाएगा.

# बाइडेन ने बनाई ऑल फीमेल कम्युनिकेशन टीम, भारतवंशी नीरा को भी अहम जिम्मेदारी



**अमेरिका :** अमेरिका में प्रेसिडेंट इलेक्ट जो बाइडेन व्हाइट हाउस में ऑल फीमेल सीनियर कम्युनिकेशन टीम तैनात करेंगे। इस टीम की अगुवाई केट बेडिंगफील्ड करेंगी। वे व्हाइट हाउस की कम्युनिकेशन्स डायरेक्टर होंगी। बाइडेन ने लंबे समय से डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रवक्ता जेन साकी को अपना प्रेस सेक्रेटरी बनाने का फैसला किया है। वहीं, भारतवंशी नीरा टंडेन को भी प्रशासन में अहम जिम्मेदारी दी गई है।

बाइडेन ने एक स्टेटमेंट जारी कर कहा- अमेरिका के लोगों से सीधे और सही संवाद रखना राष्ट्रपति की जिम्मेदारी है। इस टीम पर व्हाइट हाउस को अमेरिकन लोगों से जोड़ने की जिम्मेदारी है। मुझे भरोसा है यह इस पर खरी उतरेगी। टीम की योग्य और अनुभवी कम्युनिकेटर अलग-अलग पहलुओं पर काम करेंगी। सभी अमेरिका को फिर से बेहतर बनाने के मिशन में जुटेंगी।

तैनाती से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया कि भारतवंशी नीरा टंडेन को बाइडेन की नीतियों पर अमल की देखरेख करने की जिम्मेदारी दी जाएगी। वे सेंटर फॉर अमेरिकन प्रोग्रेस नाम के थिंक टैंक की प्रेसिडेंट और उउड हैं। व्हाइट हाउस में तैनात की जाने वाली तीनों सीनियर महिला अधिकारी ओबामा प्रशासन में भी काम कर चुकी हैं। बाइडेन के उपराष्ट्रपति रहते समय बेडिंगफील्ड उनकी कम्युनिकेशन डायरेक्टर और प्रवक्ता थीं। साकी व्हाइट हाउस के स्टेट डिपार्टमेंट में कम्युनिकेशन डायरेक्टर और प्रवक्ता थीं। टंडन ने तत्कालीन हैल्थ एंड ह्यूमन सेक्रेटरी कैथलीन सेबेलियस की सीनियर एडवाइजर के तौर पर काम कर चुकी हैं। बाइडेन के ऑफिस ने बताया कि उन्हें सोमवार को पहली प्रेसिडेंशियल इंटेलीजेंस ब्रीफिंग की जाएगी। वे मैनेजमेंट और बजट ऑफिस के लिए भी महिला डायरेक्टर्स को तैनात कर सक ते हैं। टीम में शामिल दूसरी महिलाओं की बात करें, तो वाइस प्रेसिडेंट इलेक्ट की चीफ ऑफ स्टाफ रहीं कैरीन जीन पीयरे बाइडेन की प्रिंसिपल डिप्टी प्रेस सेक्रेटरी होंगी।

# फोन टैपिंग पर मरयम नवाज का पलटवार, कहा- हिम्मत है तो आईएसआई से सवाल करें कठपुतली पीएम इमरान खान



**पाकिस्तान :** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की उपाध्यक्ष मरयम नवाज ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान के कठपुतली प्रधानमंत्री इमरान खान अपने फोन टैप किए जाने पर देश की खुफिया एजेंसी आईएसआई से सवाल करने का कुछ साहस दिखाएं। उनकी टिप्पणी प्रधानमंत्री के इस खुलासे के बाद आई है कि वह जानते हैं कि एजेंसियां उनके फोन टैप कर रही हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पुत्री ने कहा, इस कठपुतली और चयनित प्रधानमंत्री इमरान में आईएसआई से यह तक पूछने की हिम्मत नहीं है कि वह उनके फोन क्यों टैप कर रही है। उन्हें आईएसआई से कहना चाहिए कि यह प्रधानमंत्री के अधीन आने वाले संस्थान का काम नहीं है।

उन्होंने कहा, आईएसआई प्रधानमंत्री और उनके फोन टैप करती है। यह मेरे लिए खबर नहीं है। यदि इस कठपुतली (इमरान खान) में थोड़ी भी हिम्मत है तो उन्हें इस मुद्दे पर आईएसआई को फटकार लगानी चाहिए।

खान ने हाल में एक स्थानीय टीवी चैनल से कहा था, मैं जो करता हूं और फोन पर किससे बात करता हूं, आईएसआई और आईबी (खुफिया ब्यूरो) इस बारे में जानते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उनका फोन टैप किया जाना उनके लिए कोई मुद्दा नहीं है, खान ने कहा था कि यह पूरी दुनिया में होता है। यहां तक कि अमेरिका में सीआईए भी यही करती है।

ऑल इंडिया ब्रिगेड • हिंदी समाचार पत्र
Postal Regd. : MCN/265-2020-2022



# लीलावती अस्पताल में भर्ती होंगे संजय राउत

## सांसद संजय राउत की एंजियोप्लास्टी की तैयारी शुरू

**मुंबई :** शिवसेना के सांसद संजय राउत मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती हो सकते हैं। गुरुवार को हॉस्पिटल में उनकी एंजियोप्लास्टी किये जाने की खबर है। पिछले साल नवंबर महीने में एक बार लीलावती अस्पताल में उनकी एंजियोप्लास्टी की जा चुकी है। डॉक्टर मैथ्यू और डॉक्टर अजित मेनन के मार्गदर्शन में राउत की एंजियोप्लास्टी की जानी है।



**पिछले साल भी हुई थी एंजियोप्लास्टी**

संजय राउत की एक बार एंजियोप्लास्टी हो चुकी है। पिछले साल दो स्टेंट राउत को लगाए गए थे। इस साल दो और स्टेंट लगाए जाने हैं। जिसके लिए राउत लीलावती अस्पताल में भर्ती होंगे। ये स्टेंट अप्रैल 2020 में ही लगाए जाने थे लेकिन कोरोना महामारी के वजह से यह आपरेशन आगे बढ़ाना पड़ा था। संजय राऊत इन दिनों एक साथ कई सारी जिम्मेदारियों को निभा रहे हैं। एक तरफ से सामना अखबार के कार्यकारी संपादक की जिम्मेदारी पूरी कर रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ अपने सांसद पद का भी निर्वाहन। इसके अलावा महाविकास अघाड़ी में भी उनकी अहम भूमिका है। इतनी सारी जिम्मेदारियों के साथ राष्ट्रीय नेताओं से बातचीत और मुलाकात साथ पार्टी की भविष्य की रणनीति पर भी संजय राउत का ध्यान रहता है।

**संजय राउत दिल में दो ब्लॉकेज थे**

पिछले साल जब संजय राउत लीलावती अस्पताल में भर्ती हुए थे तब डॉक्टरों ने उनकी एंजियोग्राफी की थी जिसमें दो ब्लॉकेज पाए थे। उसके बाद उनकी एंजियोप्लास्टी की गई थी। यह एंजियोप्लास्टी करने में भी डॉक्टर मैथ्यू और डॉक्टर अजीत मेनन शामिल थे। आपको बता दें कि दिल की बीमारी का पता लगाने के लिए एंजियोग्राफी का सहारा लिया जाता है। एंजियोग्राफी को पूरा करने के लिए 5 से 10 मिनट का समय लगता है जिसके जरिए हृदय की पूरी जानकारी मिल जाती है और आगे के इलाज में काफी सहूलियत होती है। यह पता चल जाता है कि किस तरह का इलाज मरीज को दिया जाना चाहिए।

## आग में जलकर भायंदर का होटल हुआ खाक

**भायंदर:** भायंदर पूर्व के नवघर रोड पर मौजूद मेहंदी होटल में सुबह करीब 5:30 बजे आग लग गई। आग ने देखते ही देखते होटल में मौजूद साई गेस्टहाउस और बार पूरी तरह जल कर खाक हो गया। समय रहते दमकल विभाग के कर्मचारियों ने घटना स्थल पर पहुंच कर आग पर काबू लिया इससे पहले इस होटल पर अवैध निर्माण को लेकर मनपा ने न्यायलय के आदेश के बाद तोड़क कार्रवाई भी की थी। लेकिन कार्रवाई के बाद यह होटल दोबारा शुरू कर दिया गया था।

होटल में लगी आग के चलते आसपास खड़ीं कुछ गाड़ियों को भी नुक्सान पंहुचा।

## कल्याण / यातायात व्यवस्था सुधारने सक्रिय हुई मनपा और ट्रैफिक पुलिस



**कल्याण :** कल्याण डोंबिवली महानगर में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए मनपा प्रशासन और यातायात विभाग पुलिस एक साथ सक्रिय हो गया है. मनपा द्वारा ट्रैफिक पुलिस की सहायता से सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े किए गए और लावारिस वाहनों को हटाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है.

बहुत दिनों से सड़क किनारे खड़ी वाहनों पर ट्रैफिक विभाग द्वारा नोटिस लगा कर वाहन मालिक को आगाह किया जाता है कि वे अपने वाहन सड़क किनारे से हटा लें और उसके बाद उन्हें टोचन कर उठाया जाता है.गौरतलब है कि कल्याण डोंबिवली महनागर पालिका क्षेत्र में सड़क के किनारे खड़े लावारिस वाहनों की वजह से आये दिन लोगों को ट्रैफिक की समस्या से दो चार होना पड़ता है.

# कंगना से दो-दो हाथ करने वाली उर्मिला की शिवसेना में एंट्री, इनाम भी मिलेगा

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर मंगलवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की मौजूदगी में औपचारिक रूप से शिवसेना में शामिल हो गईं। विधान परिषद के लिए राज्यपाल की ओर से मनोनीत होने वाले 12 सदस्यों में पार्टी उर्मिला मातोंडकर के नाम का प्रस्ताव पहले ही कर चुकी है। उद्धव ठाकरे की पत्नी रश्मि ठाकरे ने उन्हें शिव बंधन बांधकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर उद्धव ठाकरे के अलावा सुभाषा देसाई, अनिल देसाई समेत पार्टी के कई बड़े नेता मौजूद थे।



शिवसेना के एक नेता ने कहा कि उर्मिला मातोंडकर ने जिस तरह से अभिनेत्री कंगना रनौत को जवाब दिया था, उससे पार्टी नेतृत्व उनसे काफी प्रभावित था। गौरतलब है कि सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद से ही शिवसेना और कंगना रनौत में ठनी हुई है। बीएमसी ने कंगना के दफ्तर का एक हिस्सा भी ढहा दिया था, वहीं उन्होंने मुंबई की तुलना पाक अधिकृत कश्मीर से की थी। हालांकि, कंगना के दफ्तर ढहाने के मामले शिवसेना के शासन वाली बीएमसी को उस समय मुंह की खानी पड़ी, जब बॉम्बे हाई कोर्ट ने अपने फैसले में इसे बदले की कार्रवाई करार दिया था और बीएमसी को नुकसान का मुआवजा देने का निर्देश दिया था।

शिवसेना ने राज्यपाल बी एस कोश्यारी के पास उर्मिला मांतोंडकर का नाम विधान परिषद में राज्यपाल कोटा से नामित करने के लिए भेजा है।इसके अलावा इस कोटे के लिए महा विकास अघाडी ने 11 और नाम भेजे हैं। हालांकि राज्यपाल ने अभी इन 12 नामों को मंजूरी नहीं दी है। उर्मिला आज शाम मीडिया से भी बात करेंगी, जिसमें वह बताएंगी कि उन्होंने सक्रिय राजनीति में दूसरी पार्टी के लिए शिवसेना का चुनाव क्यों किया। उर्मिला मातोंडकर का जन्म 4 फरवरी 1974 को मुंबई में हुआ था। उर्मिला ने अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत बतौर चाइल्ड एक्ट्रेस मराठी फिल्म झाकोला (1980) से की थी। कलयुग (1981) उनकी पहली हिंदी फिल्म थी। उर्मिला ने 1983 में फिल्म मासूम से चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

## एक कंपनी में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी 7 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**कल्याण :** एक कंपनी में निवेश कराकर एक महिला के साथ लाखों की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया हैं। पीड़ित महिला ने डोंबिवली के विष्णुनगर पुलिस स्टेशन में कंपनी की एजेंट, चेयरमैन, सेक्रेटरी, ट्रस्टी सहित कंपनी से जुड़े कुल 7 आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर स्थानीय पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार कल्याण




पश्चिम खडकपाडा स्थित अमृत पार्क में रहने वाली नोकरी पेशा महिला रेखा प्रभाकर झोपे ने डोंबिवली के विष्णुनगर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें निवेश के नाम पर उसके साथ धोखाधड़ी की बात कही गई है। महिला द्वारा दर्ज शिकायत के मुताबिक वृंदावन राबोडी ठाणे निवासी एजेंट दीपा राव, कंपनी के चेयरमेन हेमंत रेडीज, मानसी हेमंत रेडीज, आदित्य हेमंत रेडीज और स्वास्तिक गार्डन पोखरन ठाणे निवासी सेक्रेटरी अरुण आर. गांधी, ट्रस्टी अभिनंदन अरुण गांधी और अर्चना अरुण गांधी ने एग्रो इंडस्ट्रीज इंडिया लि. के गुप्ते रोड डोंबिवली में 2017 से 2019 के बीच 2 लाख 50 हजार रुपये जमा कराए।

## मुंबई के कुर्ला रेलवे कुर्ला स्टेशन के फुटओवर ब्रिज पर खुलेआम युवक पर चाकू से हमला



**मुंबई :** मुंबई के कुर्ला रेलवे स्टेशन के फुटओवर ब्रिज पर एक युवक पर चाकू से हमला किया गया। यह हमला लूट के प्रयास के दौरान किया गया। शनिवार को हुए इस हमले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि हमलावार खुलेआम युवक पर चाकू से हमला कर रहा है और फुटओवर ब्रिज पर मौजूद लोग तमाशा देख रहे हैं। बताया जा रहा है कि हमले में घायल युवक का नाम फैयाज नेमपुरवाला है। वह बैंक से तीन लाख रुपये निकालकर अपने घर जा रहा था, इसी दौरान एक शख्स ने रास्ते में उसके ऊपर हमला करके रुपये भरा बैग लूटने का प्रयास किया। हमले के बाद फैजान की हालत गंभीर है और अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

# दिल्ली में सिर्फ 800 रुपये में होगा आरटी-पीसीआर टेस्ट, केजरीवाल सरकार ने दी बड़ी राहत



**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्लीवालों को बड़ी राहत देते हुए आरटी-पीसीआर के टेस्ट की कीमत में भारी कमी की है। लोग अब 1000 से भी कम कीमत में कोरोना वायरस संक्रमण की जांच करा सकेंगे। यह निजी लैब पर भी लागू होगा। बता दें कि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में यह जांच मुफ्त है, जबकि निजी लैब आरटी-पीसीआर के लिए अब तक 2400 रुपये वसूल रहे थे। ताजा आदेश के तहत 800 रुपये में आरटी-पीसीआर की जांच कराई जा सकेगी, वहीं सैंपल के होम कलेक्शन के लिए 400 रुपये अतिरिक्त देने होंगे, इस तरह यह टेस्ट 1200 रुपये का हो जाएगा। कुलमिलाकर आम लोगों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट सिर्फ 800 रुपये में ही होगा।

दिल्ली सरकार के आदेश और पत्र जारी होने के बाद आरटी-पीसीआर टेस्ट की कीमत आधी से भी कम हो गई है।

# वाराणसी के मंच से पीएम मोदी ने प्रदर्शन कर रहे किसानों को बताई कृषि कानून की अच्छाइयां

**नई दिल्ली :** वाराणसी में आयोजित दीप दीपावली महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच से दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे किसानों को भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जो किसान सीमा पर प्रदर्शन कर रहे हैं वो गलतफहमी का शिकार हैं उनका बरगलाया गया है। यदि किसान बिल की बारीकियों को समझा जाए तो ये सब उनके फायदे के लिए ही किया गया है। मगर विपक्षियों ने किसानों को बरगला दिया है उनको गलत चीजें बताई गई है और बिल की अच्छाईयों को पूरी तरह से छिपा लिया गया है।

मुझे ऐहसास है कि दशकों का छलावा किसानों को आशंकित करता है। लेकिन अब छल से नहीं गंगाजल जैसी पवित्र नीयत के साथ काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक राज्य में तो वहां की सरकार, अपने राजनीतिक स्वार्थ के चलते आज भी किसानों को इस



योजना का लाभ नहीं लेने दे रही है। देश के 10 करोड़ से ज्यादा किसान परिवारों के बैंक खाते में सीधी मदद दी जा रही है। अब तक लगभग 1 लाख करोड़ रुपए किसानों तक पहुंच भी चुका है। प्रधानमंत्री वाराणसी के खंडूरी गांव में वाराणसी-प्रयागराज 6-लेन हाइवे का लोकार्पण करने के लिए पहुंचे थे।

उन्होंने कहा कि नए कृषि सुधारों से किसानों को नए विकल्प मिले हैं, लेकिन विपक्ष के साथ मिलकर कुछ लोग भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब से बीजेपी की सरकार आई है उसके बाद से ही सुधारों की दिशा में काम किया जा रहा है। इससे पहले की जो सरकारें थीं वो किसानों के साथ छल करती आई हैं सुधारों की दिशा में एक भी काम नहीं किया गया। नया कानून किसानों को विकल्प देने वाला है। पीएम मोदी ने कहा कि आशंकाओं के आधार पर भ्रम फैलाने वालों की सच्चाई लगातार देश के सामने आ रही है। जब एक विषय पर इनका झूठ किसान समझ जाते हैं, तो ये दूसरे विषय पर झूठ फैलाने लगते हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार आम लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए कानून-कायदे बनाती हैं मगर कुछ लोगों को वो कानून भी खराब लग रहे हैं। विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से अलग ही ट्रेंड देखने को मिल रहा है।

# राजस्थान की भाजपा विधायक किरण माहेश्वरी का निधन



**जयपुर :** राजस्थान की पूर्व मंत्री व भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ विधायक किरण माहेश्वरी का रविवार देर रात निधन हो गया। वह कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गयी थीं और गुड़गांव के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने माहेश्वरी के निधन पर शोक जताया है। उदयपुर सीट से लोकसभा सदस्य रहीं माहेश्वरी (59) राजसमंद से तीसरी बार विधायक थीं। कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद वह कई दिन से गुड़गांव के एक निजी अस्पताल में भर्ती थीं जहां रविवार देर रात उनका निधन हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने माहेश्वरी के निधन पर शोक जताते हुए ट्वीट किया, ह्यकिरण माहेश्वरी जी के असामयिक निधन से गहरा दुःख हुआ। एक सांसद, विधायक और राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में उन्होंने राज्य के विकास तथा वंचित तबकों के सशक्तीकरण के लिए अथक प्रयास किए।

# बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस ने मंगाए 2000 आंसू गैस के गोले

**नई दिल्ली :** गृह मंत्री के आश्वासन के बाद भी दिल्ली की सीमाओं पर सड़क जाम कर धरने पर बैठे किसान बुराड़ी के निरंकारी मैदान में आने को तैयार नहीं है। इससे टीकरी और सिंघु बॉर्डर के आसपास रहने वाले स्थानीय लोगों के साथ-साथ दिल्ली पुलिस भी खासे परेशान हैं। किसान आंदोलन के कारण अब दिल्ली एनसीआर में रहने वाले लोगों के जनजीवन पर बुरा असर पड़ने लगा है। इससे लोगों को आक्रोश भी बढ़ने लगा है। तमाम पहलुओं को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने हर तरह के हालात से निपटने के लिए सभी सीमाओं पर पुलिस की तैनाती बढ़ा दी है। मुख्यालय सूत्रों की मानें तो कड़ी कारवाई करने के लिए पुलिस पूरी तरह



तैयार है। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि दिल्ली की कानून व्यवस्था को किसी सूरत में बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। बार बार पुलिस के आला अधिकारी किसान नेताओं से बात कर उनसे बुराड़ी स्थित निरंकारी मैदान में आने की अपील कर रहे हैं लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं है। बुराड़ी में किसानों को रहने के लिए भव्य इंतजाम किए गए है लेकिन किसान वहां जाने को तैयार नहीं है। जो किसान वहां पहुंचे भी है वो अपने अपने ट्रैक्टर ट्राली में ही रह रहे हैं। किसी के टेंट में किसान नहीं जा रहे हैं।

किसानों की भीड़ को देखते हुए दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल को भी चौकस रहने को कहा गया है। क्योंकि भीड़ की आड़ में कोई आतंकी संगठन अपने नापाक इरादे को अंजाम ना दे बैठे। सूत्रों के मुताबिक सीमाओं पर दिल्ली पुलिस के अलावा 23 कंपनी पैरा मिलिट्री की भी तैनाती की गई है। दिल्ली पुलिस ने 2000 आंसू गैस के गोले मंगाए हैं।

# नयी दिल्ली जवान ने मेट्रो यात्री की जान बचाई

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक कांस्टेबल ने दक्षिण दिल्ली में दिल्ली मेट्रो स्टेशन पर बेहोश हुए एक व्यक्ति की सीपीआर चिकित्सकीय प्रक्रिया के जरिए जान बचाई।

सीपीआर (कॉर्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) आपात स्थिति में जान बचा सकने वाली ऐसी प्रक्रिया होती है, जिसका इस्तेमाल हृदयगति रुक जाने के बाद किया जाता है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि यह घटना हुडा सिटी सेंटर की ओर जा रही ट्रेन में घिटोरनी स्टेशन पर उस समय हुई, जब पंजाब निवासी भारत भूषण (50) बेहोश हो गए।

# नई दिल्ली/ किसानों ने सरकार पर लगाया आरोप

## कहा- अब कॉरपोरेट के लिए बन रहे नियम

**नई दिल्ली :** 3 केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ पंजाब, हरियाणा और राजस्थान समेत दर्जनभर राज्यों के किसानों का आंदोलन लगातार 5वें दिन भी जारी है। सोमवार को किसानों ने यूपी गेट पर चेतावनी का बैनर लगा दिया। किसान यूनियन की धारा 288 लगाई गई है। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत का कहना है कि पुलिस ने धारा 144 लगाकर हमें प्रतिबंधित करने की कोशिश की है, तो हमने धारा 288 लगाकर उन्हें प्रतिबंधित कर दिया है। अब हम उनकी सीमा में नहीं जाएंगे और उन्हें अपनी सीमा में नहीं आने देंगे।

इधर, किसानों की प्रेस वार्ता में हरियाणा के भारतीय किसान यूनियन के नेता गुरनाम सिंह ने कहा कि संविधान लोगों के द्वारा लोगों के लिए हैं मगर अब कॉरपोरेट इस कदर हावी हो रहे हैं कि नियम कॉरपोरेट के द्वारा कॉरपोरेट के लिए बनाया जा रहा है। इस दौरान हम जैसे किसानों



का शोषण हो रहा है। किसान इससे परेशान है। उधर, दिल्ली-यूपी गेट पर धीरे-धीरे किसानों का जमावड़ा बढ़ने लगा है। सोमवार को यूपी गेट पर आंदोलन कर रहे किसानों ने अब तक दो बार दिल्ली पुलिस का बैरिकेड तोड़ा है। इससे पहले रविवार को पांच बार बैरिकेड तोड़ा था। इसके चलते पुलिस ने अब बैरिकेड के पास पर बड़े-बड़े पत्थर रख दिए हैं, जिससे किसान इसे तोड़ नहीं सकें।

वहीं, एक मेडिकल टीम भी सिंघु बॉर्डर पर तैनात कर दी है और यहां पर मेडिकल कैंप लगाया गया है। यहां पर प्रदर्शनकारियों की जांच-पड़ताल की जा रही है। मेडिकल टीम में शामिल डॉक्टर का कहना है कि हमें यहां टेस्ट आयोजित करना चाहिए। अगर सुपर स्प्रेडर की कोई संभावना है, तो बीमारी अन्य लोगों में फैल सकती है, जो विनाशकारी होगा। इस बीच केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने ट्वीट कर कहा है कि देशभर में मंडियां समाप्त नहीं होंगी, बल्कि चलती रहेंगीं। उन्होंने ट्ववीट किया है- नए कृषि कानून APXMXCX मंडियों को समाप्त नहीं करते हैं। मंडियां पहले की तरह ही चलती रहेंगी।



# आपको पता है, जान्हवी कपूर को कायली जेनर किया था बर्थडे विश!

हाल में करण जौहर के प्रॉडक्शन हाउस का शो 'FÔbulous Lives of Bollywood Wives' नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया। यह शो रिलीज होते ही चर्चा में आ गया क्योंकि इसमें कई मजेदार बातें सामने आई हैं। शो में नीलम कोठारी, महीप कपूर, भावना पांडे और सीमा खान ने कई ऐसी बातें बताई हैं जो अभी तक लोगों को पता ही नहीं थीं। ऐसी ही एक बात और सामने आई है जिसमें पता चला है कि एक बार जान्हवी कपूर को अमेरिकन टीवी स्टार काइली जेनर ने बर्थडे विश किया था। शो एक एक एपिसोड की एक क्लिप सामने आई है और वह सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। क्लिप में दिखाया गया है कि जब

# अनन्या पांडे बचपन में अपना नाम समझती थीं F**k, खुद बताई मजेदार वजह

अनन्या पांडे करण जौहर की फिल्म ह्यस्टूडेंट ऑफ द इयर 2ह्व से बॉलिवुड डेब्यू कर चुकी हैं। हालांकि फिल्मी बैकग्राउंड होने की वजह से वह मूवीज में आने से पहले ही स्पॉटलाइट में रही हैं। महीप, संजय कपूर की बेटी शनाया और शाहरुख खान की बेटी अनन्या उनकी बेस्ट फ्रेंड्स हैं। रीसेंटली The Fabulous Lives Of Bollywood Wives वेब शो के बाद से अनन्या और उनकी मां भावना पांडे चर्चा में हैं। इस वेब शो में भावना के साथ महीप कपूर, नीलम कोठारी और सीमा खान की लाइफ भी दिखाई गई है। अनन्या भी इसमें थोड़ी देर के लिए नजर आती हैं। उन्होंने अपने बचपन का मजेदार किस्सा शेयर किया है। अनन्या बताती हैं, जब वह छोटी थीं तो उन्हें लगता था कि उनका नाम F**k (गाली) है क्योंकि उनके पैरंट्स ये शब्द हर बात पर बोलते थे। वहीं उनकी मॉम भावना इस पर हंसती हैं और बोलती हैं कि वे ऐसे शब्द कभी नहीं बोलते थे।



# किम शर्मा को डेट कर रहे हैं अमित साध? ये दिया जवाब

पिछले कुछ महीनों में बॉलिवुड सिलेब्रिटीज छुट्टियां मनाने के लिए गोवा, मालदीव और दुबई जैसे डेस्टिनेशन पर देखे गए हैं। इनमें से एक अमित साध भी हैं। अमित अक्टूबर में पटियाला और मनाली में शूटिंग कर रहे थे। मुंबई लौटने के बाद वह ब्रेक लेने गोवा चले गए। गोवा में दिवाली मनाने के बाद अमित साध इस समय दुबई में हैं। इस बीच गोवा में अमित साध और किम शर्मा को साथ देखा गया था और तभी से दोनों के बीच रोमांस की अफवाहें चल निकली हैं। अब इस पर अमित साध ने भी अपना जवाब दिया है। किम शर्मा के साथ देखे जाने पर अमित साध ने कहा, हम अचानक ही एक रेस्तरां में आमने-सामने आ गए तो हमारे बीच हाय-हेलो हो गया। बस इतना ही था। अमित साथ कभी भी रोमांस को छिपाएगा नहीं। मुझे ऐसी रिपोर्ट्स से कोई फर्क नहीं पड़ता है लेकिन हमें अपनी इंडस्ट्री में और देश में महिलाओं के बारे में इतनी ओछी तरीके से बात नहीं करनी चाहिए। वैसे बता दें कि कभी क्रिकेटर युवराज सिंह की लंबे समय तक गर्लफ्रेंड रहीं किम शर्मा कुछ समय पहले तक ऐक्टर हर्षवर्धन राणे को डेट कर रही थीं। बाद में किम और हर्षवर्धन का ब्रेकअप हो गया और दोनों अलग हो गए। अमित साध की बात करें तो वह पिछली बार फिल्म ह्यशकुंतला देवी में दिखाई दिए थे। अब वह अपनी आने वाली फिल्म जिद की शूटिंग कर रहे हैं।



# सारा अली खान के मुंह से करीना के लिए आंटी सुनकर ऐसा था सैफ का रिऐक्शन

सैफ अली खान और एक्स-वाइफ अमृता सिंह की बेटी सारा अली खान अपने अब्बा की दूसरी शादी पर हमेशा खुलकर बोलती रही हैं। सारा करीना को दोस्त की तरह मानती हैं। सैफ से शादी के पहले ही करीना उनके बच्चों के साथ घुल-मिल गई थीं। वे अक्सर साथ में समय भी बिताती थीं। शुरूआत में सारा को समझ नहीं आता था कि करीना को क्या कहकर बुलाएं। सारा इससे जुड़ा मजेदार किस्सा भी सुना चुकी हैं। एक चैट शो के दौरान सारा ने करीना से अपने रिश्ते के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा था, यह कभी कन्फ्यूजिंग नहीं रहा। करीना ने खुद कह दिया था, देखे तुम्हारी एक अच्छी मां हैं। मैं चाहती हूं कि हम दोस्त रहें। सारा ने यह भी बताया था कि सैफ ने भी करीना को कभी उनकी दूसरी मां के तौर पर नहीं पेश किया या किसी तरह से असहज महसूस नहीं होने दिया। इस पर शो के होस्ट करण जौहर ने सारा से पूछा कि क्या सैफ ने उन्हें कभी कहा कि करीना को छोटी मां बोलो?





## ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से सावधान रहें दुकानदार

# जीरो बैलेंस वाले बैंक खाते से चूना लगाने वाला अंतरराज्यीय गिरोह सक्रिय

**मुंबई** : साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने के मामले में कुछ महीने पहले जिस अरशद नामक अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वह जमानत पर छूटने के बाद मुंबई में रहने वाले एक दोस्त के साथ मिलकर मुंबई से बाहर रहने वाले लोगों को नामचीन बैंकों से भुगतान संबंधी फर्जी संदेश (फेक मेसेज) भेजकर ऑनलाइन तरीके से ठगने का काम शुरू कर दिया है। अरशद को यूपी की आगरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी अरशद ने जांच अधिकारियों को बताया कि वह मुंबई में रेडिमेड कपड़ों का कारोबार करता था। कोरोना काल में उसके व्यवसाय में घाटा लगने से उसकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई। इससे वह परेशान हो गया। इस दौरान पश्चिम मुंबई निवासी उसके एक दोस्त से उसकी अचानक मुलाकात हुई। इस दोस्त ने उसने कहा कि अगर वह अपने बैंक खाते में उसके द्वारा भेजे गए रकम को ट्रांसफर करेगा, तो इसके बदले उसको उक्त रकम का 10 प्रतिशत हिस्सा उसे दिया जाएगा। अरशद इसके लिए तैयार हो गया। कुछ दिन तक तो बैंक के फर्जी ऑनलाइन पेमेंट प्रक्रिया के नाम पर रकम भेजने का ऑनलाइन ठगी का धंधा जारी रहा, लेकिन मुंबई साइबर सेल ने जल्दी ही अरशद को अंधेरी स्थित एक बिजनेसमैन की शिकायत पर धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।




मुंबई साइबर सेल में अरशद से जुड़े इस केस के बारे में एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अरशद का साथीदार अभी भी फरार है। अरशद यूपी के शाहगंज का निवासी है। उसने जांच के दौरान पुलिस को बताया था कि अपने साथी मकबूल अली के साथ वह ऑनलाइन फेक पेमेंट के जरिए दुकानदारों को चूना लगाया करता था। इसके लिए वह किसी दुकान में जाकर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों या रेडिमेड सामानों की खरीदारी करता और भुगतान के समय कैश की बजाय ऑनलाइन पेमेंट किया करता था। मगर, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन प्रक्रिया के दौरान ये लोग अपने उस बैंक खाते का इस्तेमाल करते थे, जिसमें कोई बैलेंस ही नहीं रहता था। दुकानदारों को भरोसा दिलाने के लिए ये लोग दुकानदारों के सामने ही ठएत्रछ से रकम ट्रांसफर करने का दिखावा करते, लेकिन ट्रांजेक्शन करते समय पूरी प्रक्रिया इनके मोबाइल पर अंडर प्रॉसेस ही लिखकर दिखाई देने लगता था। इसे ये लोग उस दुकानदार को दिखा देते। इस बीच इनके दूसरे साथी अपने दूसरे मोबाइल पर बैंक से रकम ट्रांसफर होने का फेक मैसेज तैयार कर लेते और इस मेसेज को उस मोबाइल पर ट्रांसफर कर लेते थे, जिससे वे ऑनलाइन पेमेंट ट्रांसफर करने का दुकानदार के सामने दिखावा करते थे। अब इस नए फेक ऑनलाइन पेमेंट मेसेज को उस दुकानदार को दिखा देते थे, जिनसे सामानों की खरीदारी किए हुए थे। बैंक का मैसेज देखने के बाद दुकानदार को जहां तसल्ली हो जाता वहीं ये लोग वहां से सामान लेकर निकल जाते और बाद में दुकानदार को उक्त बैंक से कोई रकम ही नहीं मिलता था।

## टीवी एक्ट्रेस के रेप के आरोप में कास्टिंग डायरेक्टर के




**मुंबई:** मुंबई पुलिस ने शादी के बहाने 26 वर्षीय एक टीवी अभिनेत्री के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने के लिए एक कास्टिंग डायरेक्टर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है. एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि पिछले सप्ताह यहां वसोर्वा पुलिस स्टेशन में अभिनेत्री द्वारा शिकायत करने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि कास्टिंग डायरेक्टर ने उनसे शादी करने का वादा करने के बाद शहर के विभिन्न स्थानों पर उनके साथ बलात्कार किया. उन्होंने बताया कि आरोपी की उम्र भी 26 साल है और दोनों पिछले दो साल से एक-दूसरे को जानते हैं. अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने अभिनेत्री को आश्वासन दिया था कि वह उससे शादी करेगा, लेकिन जब उसने बाद में ऐसा करने से इनकार कर दिया, तो महिला ने FIR दर्ज कराई.

# जब अकाउंट नंबर से चोर पहुंचा जेल, बिल्डर के ऑफिस से किए थे कई दर्जन चेक चोरी

**मुंबई** : अपराध के बाद हर अपराधी मानकर चलता है कि उस तक कानून के हाथ कभी पहुंचेंगे नहीं। लेकिन उसके सलाखों के पीछे पहुंचने की कोई न कोई खास वजह अपने आप बन जाती है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने स्वप्निल मयकर नामक एक चोर को एक चेक पर अंकित अकाउंट नंबर से गिरफ्तार किया। उसके पास से एक बिल्डर के ऑफिस से चोरी के कई दर्जन चेक मिले। किसी खास टिप पर सीनियर इंस्पेक्टर संजय निकुंबे, अनंदा देशमुख , हृदय मिश्रा, सुनील हरद और प्रशांत थिम्टे की टीम ने स्वप्निल मयकर को घेरा। जब उसके कपड़ों की तलाशी ली, तो उसमें एक चेक मिला। आरोपी यह बताने को ही तैयार नहीं था कि उसे चेक कैसे मिला। चेक ऐक्सिस बैंक का था। क्राइम ब्रांच ने बैंक की मदद से चेक पर लिखे अकाउंट नंबर से चेक धारक का मोबाइल नंबर निकाला। फिर उनसे संपर्क किया।



चेक धारक ने बताया कि उन्होंने चंद दिनों पहले ही एक बिल्डर को एक फ्लैट के संबंध में एक चेक दिया था। बिल्डर ने चेक देने वाले से कहा था कि इस पर सिर्फ अपने दस्तखत कर दो। अमाउंट और किस अकाउंट में यह चेक डालना है, वह बाद में तय कर लेगा।

संयोग से कुछ दिनों बाद बिल्डर के यहां चोरी हो गई और वहां से इसी तरह के कई और चेक भी चोरी हो गए। क्राइम ब्रांच ने यह सभी चेक बरामद कर लिए। स्वप्निल मयकर ने जांच टीम को बताया कि वह किसी भी बिजनेसमैन को ऐसे चेक गिरवी देकर उनसे 20 से 25 हजार रुपये ले लेता था और बाद में फरार हो जाता था।

# सीएनजी पंप पर खड़ी कार में लगी आग, पंप पर अग्निशमन यंत्र न होने से पूरी कार जलकर खाक

**भिवंडी** : भिवंडी के चाविंद्रा स्थित एचपी के सीएनजी पंप पर खड़ी एक ओमनी कार में अचानक आग लग गई। पंप पर कोई भी अग्निशमन यंत्र न होने से पूरी कार जलकर खाक हो गई। कार बुझाने के चक्कर में उसमें सवार एक व्यक्ति की मोबाइल जल गई है और वह मामूली रूप से झुलस गया है। सूचना के बावजूद दमकल की गाड़ी आने में देरी हुई, हालांकि आग सीएनजी पंप तक नहीं पहुंची और बड़ा हादसा टल गया। इस दौरान सीएनजी पंप परिसर में घंटों अफरा-तफरी का माहौल रहा। उपमहापौर इमरान खान ने दमकल कर्मियों को आड़े हाथों लेते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तालुका पुलिस ने लापरवाही के आरोप में कार चालक को हिरासत में लिया है।

भिवंडी-नासिक रोड पर चाविंद्रा के पास एचपी का सुप्रीम ऑटो मोबाइल का पंप है, जहां आसपास सीएनजी एवं पेट्रोल पंप दोनों हैं। दोपहर करीब सवा एक बजे एक ओमनी कार सीएनजी भराने के लिए आई। सीएनजी पंप के पास खड़ी ओमनी कार में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। कार में सवार तीन लोग नीचे उतर गए, लेकिन एक व्यक्ति की मोबाइल कार में जल गई और आग बुझाने में वह भी मामूली झुलस गया। उपमहापौर इमारन खान का आरोप है कि कार में आग लगने की सूचना देने के लगभग एक घंटे बाद दमकल की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची, तब तक पूरी कार जलकर खाक हो गई थी। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक सीएनजी पंप पर आग बुझाने के लिए अग्निशमन यंत्र नहीं था। बाल्टी में बालू भरकर रखा था, जो लंबे समय तक रखे जाने से जम गया था। वहां पानी की भी व्यवस्था नहीं थी। पेट्रोल पंप कर्मियों के मुताबिक ओमनी कार में एक गैलेन में पेट्रोल भरकर रखा था, जिससे आग भड़क गई।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रफीक एम. शेख द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस ३-४ अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.२, गोरेगांव (पूर्व) मुंबई-६३ से मुद्रित कराकर रूम नं. २६, कामा रोड, रोशन नगर, गांव देवी डोंगरी, अंधेरी (प.), मुंबई-५८ से प्रकाशित किया। मो. : ९८३३७७९९२० समस्त विवादों के लिए न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।
संपादक : रफीक एम. शेख सह संपादक : अहमद शेख (मो.७७१५९४९०३२), Email : aib7861@gmail.com / allindiabrigade@gmail.com